**खबर संक्षेप**

### श्रमोदय आवासीय विद्यालय में आवेदन की अंतिम तिथि 20

**सीहोर।** मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल द्वारा संचालित श्रमोदय आवासीय विद्यालय भोपाल में कक्षा 6 वीं, 7 वीं, 8वीं एवं 9वीं में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा 08 फरवरी 2026 को आयोजित की जाएगी। इसके लिए इच्छुक विद्यार्थियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। प्रवेश परीक्षा के लिए ऑनलाइन पोर्टल पर आवेदन की अंतिम तिथि 20 जनवरी 2026 है। इसके साथ ही परीक्षा के प्रवेश पत्र राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड के पोर्टल www.mpsos.nic.in से डाउनलोड किए जा सकेंगे।

### सहस्त्र चंडी महायज्ञ 18 से 27 जनवरी तक

**सीहोर** । शहर के प्राचीन करोली माता मंदिर में पहली बार 18 से 27 जनवरी तक सहस्त्र चंडी महायज्ञ होगा। यज्ञ का आयोजन हर दिन किया जाएगा। आचार्य पंडित महादेव शर्मा के मार्गदर्शन में देशभर से आए 108 विप्रजन दिव्य अनुष्ठान कराएंगे। आयोजन को लेकर क्षेत्र में उत्साह है। आयोजन समिति ने कुबेरेश्वरधाम पहुंचकर कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा को आमंत्रण पत्र सौंपा। मंदिर परिसर में भव्य यज्ञशाला बनाई जा रही है। दस दिन तक नगर भंडारे होंगे। आयोजन समिति ने नगर पुरोहित पंडित पृथ्वी वल्लभ दुबे, संत उद्धवदास महाराज, हंसदास मठ दशहरा बाग के महंत हरिराम दास को भी आमंत्रण दिया है। समिति बनाई गई है।

## मछली पुल से लुनिया चौराहे तक बनाई जा रही सड़क का नपाध्यक्ष ने किया निरीक्षण

# मौत को दावत दे रहे बिजली के खंभों के बीच नहीं बनेगी सड़क, बिजली पोलों की पहले होगी शिफ्टींग

### बिना पोल शिफ्ट किए बिछाई जा रही थी सड़क, नपाध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर ने लिया 'हरिभूमि' की खबर पर संज्ञान, जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

**हरिभूमि अखबार में दिनांक 15 दिसंबर 25 को प्रकाशित खबर**



जनता की उम्मीद पर लापरवाही का पहाड़, ढाई करोड़ खर्च, लेकिन बुनियादी समझ गायब

सड़क बनेगी आफत: मछलीपुल-लुनिया चौराहा मार्ग पर बारिश में डूबेंगे घर-दुकान और मंदिर

**हरिभूमि अखबार में दिनांक 25 दिसंबर 25 को प्रकाशित खबर**



करीब एक किलोमीटर लंबे इस मार्ग के निर्माण में तकनीकी चूक साफ नजर आ रहा है

पहाड़नुमा सड़क: बिना बेस तैयार हो रहा ढाई करोड़ का मार्ग, इंजीनियर का अजीब तर्क- बेस की जरूरत नहीं!

शहर के मछलीपुल से लुनिया चौराहा तक बन रही ढाई करोड़ की सडक़ अपनी उपयोगिता से ज्यादा विवादों और लापरवाही के कारण चर्चा में है। जिस सडक़ को जनता के लिए सुगम रास्ता बनना था, उसे नगर पालिका के इंजीनियरों और ठेकेदार की जुगलबंदी ने 'मुसीबत का पहाड़' बना दिया। हरिभूमि समाचार पत्र ने इस मुद्दे को पूरी प्रखरता से उठाते हुए उजागर किया था कि कैसे बिजली के हाई वोल्टेज खंभों को हटाए बिना ही सडक़ का निर्माण किया जा रहा है।

**खबर का असर**

हरिभूमि की खबर पर संज्ञान लेते हुए नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर सोमवार को खुद ग्राउंड जीरो पर पहुंचे। उन्होंने न केवल निर्माणाधीन सडक़ का मुआयना किया, बल्कि मौके पर संबंधितों को सख्त लहजे में हिदायत दी कि जब तक बिजली के पोल शिफ्ट नहीं हो जाते, सडक़ का काम आगे नहीं बढ़ेगा।

### हादसों को न्योता दे रहे थे सड़क पर खड़े खंभे

बता दें कि मछलीपुल से लुनिया चौराहा तक की सडक़ रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड और मंडी को जोडऩे वाला मुख्य मार्ग है, जहां से रोजाना हजारों वाहन गुजरते हैं। निर्माण एजेंसी और नगर पालिका के इंजीनियरों की अनदेखी का आलम यह था कि सडक़ पर लगे बिजली के खंभों को शिफ्ट करने की जहमत तक नहीं उठाई गई और उन्हीं खंभों के चारों ओर परत बिछा दी गई। यह तकनीकी रूप से न केवल गलत था, बल्कि जानलेवा भी था। रात के अंधेरे में ये खंभे सडक़ हादसों का सबब बन सकते थे। हरिभूमि ने इस 'खतरनाक अनदेखी' का खुलासा किया। सोमवार को निरीक्षण करने पहुंचे नपाध्यक्ष ने दो टूक कहा कि भविष्य में ये पोल हादसों का कारण बनेंगे, इसलिए पहले इन्हें शिफ्ट किया जाए, उसके बाद ही सडक़ का निर्माण पूरा हो।

### इंजीनियरों की चुप्पी से पहाडनुमा निर्माण

सडक़ की ऊंचाई को लेकर भी क्षेत्रवासियों में भारी आक्रोश है। ठेकेदार ने पुरानी सडक़ की खुदाई कर बेस तैयार करने के बजाय उसी पर मसाला डालकर सडक़ को इतना ऊंचा (पहाडऩुमा) कर दिया है कि आसपास की दुकानें, घर और मंदिर अब निचले स्तर पर आ गए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि बारिश हुई तो पूरा इलाका जलमग्न हो जाएगा।

### जनता का हित ही मेरे लिए सर्वोपरि

सोमवार को नगर पालिका अध्यक्ष विकास प्रिंस राठौर मौके पर पहुंचे। उन्होंने सडक़ का निरीक्षण किया और जिम्मेदारों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जनता का हित ही मेरे लिए सर्वोपरि है। सडक़ पर आए यह बिजली के पोल भविष्य में सडक़ हादसों का कारण बनेंगे। हमारी परिषद ऐसा काम नहीं चाहती, जिससे जनता का अहित हो। पहले इन पोलों की शिफ्टिंग की जाए, इसके बाद ही सडक़ का निर्माण किया जाए।

### ढाई करोड़ से बन रही सड़क

शहरवासी और वाल्मिकी मोहल्ले वालों की मांग को देखते हुए नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर ने इस बहुप्रतिक्षित सडक़ की सौगात दी है। करीब ढाई करोड़ रुपए की लागत से इस सडक़ का निर्माण किया जा रहा है। योजना के अनुसार इसे 11 मीटर चौड़ा और डिवाइडर युक्त बनाया जाना है। लेकिन निर्माण एजेंसी लापरवाही बरतते हुए सडक़ का निर्माण गुणवत्तापूर्ण नहीं कर रही है। हरिभूमि लगातार इस मुद्दे को उठा रहा है कि कैसे ठेकेदार की मनमानी और इंजीनियरों की रहस्यमयी चुप्पी ने करोड़ों के प्रोजेक्ट और जनता की मंशा को उलझा दिया है।

### नपाध्यक्ष के कड़े तेवर



सोमवार को निरीक्षण के दौरान नपाध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर के कड़े तेवरों ने स्पष्ट संदेश दे दिए है। उन्होंने मौके पर मौजूद जिम्मेदारों को स्पष्ट किया है कि बिना पोल शिफ्टिंग के काम शुरू ही क्यों किया गया. उन्होंने साफ किया कि विकास के नाम पर जनता की सुरक्षा से समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अब नपाध्यक्ष के हस्तक्षेप के बाद क्षेत्रवासियों में एक उम्मीद जगी है कि सड़क का निर्माण सही मापदंडों के अनुसार होगा।

# न्यू सहारा स्कूल में युवा दिवस पर किया सामूहिक सूर्य नमस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कानड़



राष्ट्रीय युवा दिवस स्वामी विवेकानंद की जन्म जयंती पर नगर के न्यू सहारा पब्लिक स्कूल में युवा दिवस के अवसर पर सामूहिक सूर्य नमस्कार अमित पाठक के मार्गदर्शन में किया गया इससे पूर्व प्राचार्य विजय कुमार पाठक , सचिन शर्मा ने स्वामी विवेकानंद व मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर सूर्य नमस्कार कार्यक्रम की शुरुआत की गई । इस अवसर पर प्राचार्य विजय कुमार पाठक द्वारा स्वामी विवेकानंद के जीवन पर प्रकाश डाला और का स्वामी विवेकानंद का नारा उठो जागो , तब मत रूको जब तक लक्ष्य को प्राप्त ना करलो ओर उन्हें आदर्श पर चलने की बात कही इस अवसर पर अरविंद राठोर, रोहित संगोई व बड़ी संख्या में छात्र, छात्राएं उपस्थित थे।



### मकरसंक्रांति पर्व पर बढ़ा यातायात दबाव, आज मनाया जाएगा स्नान दान का पर्व मकर संक्रांति

**कानड़।** हिंदू धर्म का प्रमुख त्योहार त्यौहारों में एक त्यौहार मकर संक्रांति पर्व आज मनाया जाएगा। इस दिन सूर्य का उत्तरायण में प्रवेश होता है साथ ही दिन लंबे होने लगते हैं और ठंड धीरे-धीरे कम होने लगती है। मकर संक्रांति पर स्नान दान आदि का विशेष लाभ होता है और इस त्योहार को महिलाएं पारंपरिक अनुष्ठान और रीति रिवाजों का उत्सव का त्योहार मानती है जिसको लेकर बहन बेटियां अपने पीहर आकर मकर संक्रांति पर्व मनाती है इसी को लेकर रोड़ पर यातायात दबाव बना रहा और बसों में भी यात्रियों की भीड़ देखने को मिली।

# अभाविप ने सांस्कृतिक कार्यक्रम हुनरबाज का किया आयोजन



**नलखेड़ा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई नलखेड़ा द्वारा राष्ट्रीय कला मंच के माध्यम से सांस्कृतिक कार्यक्रम हुनरबाज़ 4.0 का आयोजन स्वामी विवेकानंद जयंती युवा दिवस के उपलक्ष्य पर किया गया। जिसमे नगर के विभिन्न विद्यालयों व महाविद्यालयों के विद्यार्थियों द्वारा एक से बढ़ कर एक धार्मिक व देशभक्ति से परिपूर्ण कार्यक्रमो की प्रस्तुति दी गई। इस दौरान बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित थे। स्वामी विवेकानन्द जयंती के अवसर पर सोमवार रात्रि को स्थानीय चौक बाजार में अभाविप द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम हुनरबाज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मालवा प्रांत के कला मंच सह सोशल प्रमुख रुद्र पांडे उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में गिरिराज पुरोहित उपस्थित थे। जिला संयोजक हुसैन दरबार नलखेड़ा नगर अध्यक्ष श्रुति प्रजापति एवं नगर मंत्री अभी गुर्जर की गरिमामयी



उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन पिंकी पुरोहित द्वारा किया गया। कार्यक्रम में नगर के विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के छात्र छात्राओं द्वारा विभिन्न कलाओ की प्रस्तुतिया दी गई। जिनमे मुख्य रूप से धार्मिक व देशभक्ति प्रस्तुतियों ने उपस्थित बड़ी संख्या में दर्शकों का मनमोह लिया। छात्र छात्राओं की प्रस्तुतियों पर दर्शकों द्वारा करतल ध्वनि कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कड़ाके की सर्दी के मध्य नन्हे नन्हे बच्चों द्वारा भी एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी गई।

# राज्यसभा सांसद सोलंकी सपरिवार पहुंचे मां बगलामुखी मंदिर





**नलखेड़ा।** भाजपा के राज्यसभा सासद तथा पार्टी के प्रदेश महामंत्री सुमेर सिंह सोलंकी विश्व प्रसिद्ध सिद्ध पीठ मां बगलामुखी मंदिर पर सपरिवार पहुंचे। जहाँ उनके द्वारा माता रानी के दर्शन कर विधि विधान से पूजन एवं हवन अनुष्ठान किया गया। मंदिर आगमन पर भाजपा नेताओं द्वारा उनका आत्मीय स्वागत कर सम्मान किया। सोमवार देर भाजपा के प्रदेश महामंत्री तथा राज्यसभा सांसद डा. सुमेर सिंह सोलंकी नगर में स्थित पीतांबरा सिद्ध पीठ मां बगलामुखी मंदिर पर सपरिवार पहुंचे। जहां उनके द्वारा विधि विधान एवं मंत्रोच्चार के साथ मां बगलामुखी के दर्शन कर हवन अनुष्ठान भी किया। तथा आरती में भी भाग लिया। प्रदेश महामंत्री नियुक्त होने के बाद प्रथम नगर आगमन पर श्री सोलंकी का भाजपा जिला महामंत्री पवन वेदिया, भाजपा मंडल अध्यक्ष रोहित सकलेचा, भाजयुमो जिला अध्यक्ष प्रवेश गुप्ता, मंदिर समिति व्यवस्थापक संयुक्त कलेक्टर कमल मंडलोई आदि के द्वारा श्री सोलंकी का स्वागत कर मां बगलामुखी का चित्र भेंट कर सम्मान किया गया।

# मकर सक्रांति आजः पतंगबाजी को लेकर युवाओं में खासा उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



आज सूर्य के उत्तरायण होने का पर्व मकर संक्रांति है। इस दिन पूजा दान पुण्य का एक अपना धार्मिक महत्व है। इस पर्व पर मालवा क्षेत्र में पतंगबाजी गिल्ली डंडा जैसे खेल खेलने की परंपरा भी वर्षो से चली आ रही है। इसी परंपरा के निर्वहन के चलते मालवा क्षेत्र में मकर संक्रांति के लगभग एक माह पूर्व से ही पतंबाजी प्रारम्भ हो जाती है। नगर में भी लगभग एक माह पूर्व से ही पतंगों की दुकानें सज चुकी है। जहाँ छोटी से लगाकर बड़ी पतंगे उपलब्ध है। विभिन्न प्रकार के कार्टूनों के साथ ही नरेंद्र मोदी के चित्र वाली पतंगे बड़ी मात्रा में दुकानों पर उपलब्ध है। इन दुकानों पर खरीददारों की भी काफी भीड़ लगी रही। आज बुधवार को मकर संक्रांति पर्व मनाया जावेगा। नगर के लगभग सभी परिवारों द्वारा दान पुण्य व पूजा की जावेगी। वही युवा व बच्चे सुबह से ही छतों पर पहुंचकर पतंगबाजी पर हाथ आजमाने लगेंगे। नगर में आज भी ऐसे बुजुर्ग मौजूद है जो वर्षो से पतंगबाजी करते आ रहे है वे भी आज के दिन पतंगबाजी के अपने शौक को पूरा करेंगे। अब युवतियां व महिलाएं भी पतंगबाजी करने लगी है ऐसे में मकर संक्रांति पर वे भी इसमें पीछे रहने वाली नही है। कई मोहल्लों में गिल्ली डंडा जैसे देशी खेलो पर भी युवा हाथ आजमाएंगे। नगर में विगत एक माह से भी अधिक समय से आसमान में सतरंगी पतंगे उड़ती दिखाई दे रही है। नगर में दोपहर बाद से ही छतों पर पतंग उड़ाने वाले पहुंच रहे है। थोड़े थोड़े समय मे काटा है कि आवाजे आ रही है। मंगलवार को दिनभर नगर की पतंगों की दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ लगी रही। युवा व बच्चे अपनी मन पसंद की पतंगे छाटकर खरीदते दिखाई दिए। पतंगबाजी को लेकर युवाओं में खासा उत्साह नजर आ रहा है।

## गौमाता को बचाने का संकल्प के साथ ही भारत माता की आरती की

# भैसोदा व रिंछी में हिन्दू सम्मेलन का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा





राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष में भैंसोंदा मंडल का भैसोदा एवं सुईगांव मंडल का रिंछी में हिन्दू महासम्मेलन का आयोजन सोमवार को हुआ। भैसोदा में आयोजित सम्मेलन में ग्राम भैंसोंदा सेमली दावतपुर ठीकरिया निपानिया आनंदीखेड़ी पानखेड़ी के सर्व समाज के लोग बड़ी संख्या में समाजजनों के साथ मातृ शक्ति उपस्थित थी। युवा दिवस पर आयोजित सम्मेलन का भारत माता के चित्र के पूजन के साथ शुभारंभ हुआ। उसके पश्चयात गौमाता पूजन किया गया। सम्मेलन में पंच परिवर्तन नाटिका का मंचन शिशु मंदिर द्वारा किया गया। अतिथि के रूप में कथा वाचक संत माधव मुखिया जी महाराज संघ से जिला सह सामाजिक सद्भाव संयोजक राजेश मेडतवाल एवं सुश्री डॉ सिखा तिवारी उपस्थित थे। सम्मेलन संयोजक रामकरण नागर भी मंचासीन थे।

ग्राम रिछी में आयोजित सम्मेलन में मंडल के 8 ग्रामों से सकल हिन्दू समाज के लोग एकत्रित हुए। सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में विभाग सह व्यवस्था प्रमुख अशोक कोठारी थे। पंच परिवर्तन विषय पर राष्ट्र सेविका समिति की दीदी अंजली पांडिया द्वारा उद्बोधन दिया गया। मंच पर संत श्रीं 1008 हरिहरानंद गिरी जी महाराज के द्वारा सामाजिक समरसता पर प्रवचन दिया गया। सम्मेलनों में वक्ताओं द्वारा कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना को एक से सो वर्ष हो गए और हम आज शताब्दी वर्ष मना रहे है। हिन्दू समाज को संगठित करने के उद्देश्य से डॉ हेडगेवार ने संघ की स्थापना की थी। संघ द्वारा इन सो वर्षों में कई कार्य किये है अब आगे समाज के लिए व राष्ट्र के लिए क्या करना है इसके लिए संघ पंच परिवर्तन कार्य कर रहा है। पंच परिवर्तन में स्वदेशी नागरिक कर्तव्य पर्यावरण सामाजिक समरसता एवं कुटुम्ब प्रबोधन है जोकि देश के लिए अतिआवश्यक है। कुटुंब प्रबंधन में स्त्री का विशेष महत्व होता है। छोटा परिवार होता जा रहा है। हम दो हमारे दो को भूलना होगा और सम्पूर्ण कुटुंब को पुनः परिवार के रूप में अपनाना होगा। जिससे बच्चों को संस्कार मिल सके। सम्मेलनों के समापन पर गौमाता को बचाने का संकल्प लेने के साथ ही भारत माता की आरती हुई। अंत मे सहभोज का आयोजन हुआ।

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष किसान सम्मेलन में होंगे शामिल



**देवास।** जिला कांग्रेस ग्रामीण एवं ब्लॉक कांग्रेस शिप्रा के तत्वावधान में विशाल किसान सम्मेलन का आयोजन 16 जनवरी को दोपहर 1 बजे से शिप्रा गार्डन होने जा रहा है। सम्मेलन में किसानों की ज्वलंत समस्याओं और उनकी प्रमुख मांगों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी होंगे। जिला कांग्रेस अध्यक्ष मनीष चौधरी एवं ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सोहन पटेल ने बताया कि वर्तमान में प्रदेश का किसान सबसे अधिक पीड़ित है। किसानों को उनकी उपज का वाजिब मूल्य नहीं मिल पा रहा है। समर्थन मूल्य से कम दामों पर व्यापारी फसल की खरीदी कर रहे हैं कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही है। मंडियों में किसानों के साथ दुर्व्यवहार, लूट और तौल-मोल में अनियमितताओं की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं, लेकिन मंडी प्रशासन मौन बना हुआ है।

### संस्था मां शारदा नगर में करेगी धार्मिक और समाजिक आयोजन

**भौरासा।** नगर में नए साल में संस्था मां शारदा इंदौर एक साथ तीन तीन आयोजन करने जा रही है। 17 जनवरी को दोपहर 11 बजे पार्थिव शिव पिण्ड निर्माण एवं रूद्राभिषेक का भव्य आयोजन बाबा भँवरनाथ मंदिर प्रांगण में किया जाएगा।इस धार्मिक आस्था के आयोजन की विशेषता यह रहेगी की मकर संक्रांति पर्व मनाते हुए रुद्राभिषेक का आयोजन किया जाएगा। गौरतलब रहे कि मकर संक्रांति पर्व से नवीन वर्ष की शुरुआत मानी जाती है तथा शुभ कार्य प्रारंभ होते हैं। इस आयोजन के पश्चात संस्था सुमति जैन मित्र मंडल द्वारा कार्यक्रम सहारा आयोजित किया जाएगा जिसमें ऐसे बच्चे जिनके पिता नहीं हैं उन्हें आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाई जाएगी एवंइस आयोजन की समाप्ति के पश्चात संस्था मां शारदा पांच महिलाओं को सिलाई मशीन प्रदान करेगी जो कि सिलाई कढ़ाई करके अपनी जीविका चला सके। संस्था के संतोष वर्मा,चेनसिह यादव, कैलाश ठाकुर,केदार यादव, फुफा ने उक्त जानकारी दी।

### मकर संक्रांति पर्व के मद्देनज़र संयुक्त टीम लगातार कर रही चेकिंग

# कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई कर चाइनीज मांझा बेचने वाले को किया गिरफ्तार

### आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से जानलेवा चाईनीज डोर के गट्टे किए जप्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद के द्वारा संक्रांति पर्व के दृष्टिगत प्रतिबंधित चाइनीज मांझा के विक्रय,भंडारण एवं उपयोग में संलिप्त आरोपियो के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी क्रम एएसपी जयवीर सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक श्यामचंद्र शर्मा के नेतृत्व में सोमवार को थाना कोतवाली क्षेत्र में दबिश देकर देवास पुलिस ने प्रतिबंधित चाइनीज मांझा के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही कर 01 आरोपी को गिरफ्तार कर अपराध पंजीबद्ध किया।

थाना कोतवाली पुलिस को विश्वसनीय मुखबिर सूचना से बालाजी नगर थाना कोतवाली क्षेत्र में प्रतिबंधित चाइनीज मांझा विक्रय की सूचना प्राप्त हुई । सूचना पर थाना कोतवाली पुलिस के द्वारा दबिश देकर पीयूष पिता कुंदन राव मराठा उम्र 21 साल निवासी बालाजी नगर देवास के कब्जे से प्रतिबंधित 07 चाइनीज मांझे के गट्ठे जप्त किए गए। आरोपी के विरुद्ध थाना कोतवाली पर अपराध क्रमांक 18/2026 धारा 223 बी.एन.एस. का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया जाकर आरोपी पीयूष पिता कुंदन राव मराठा उम्र 21 साल निवासी बालाजी नगर देवास को गिरफ्तार कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है । उक्त सराहनीय कार्य में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक श्यामचंद्र शर्मा,उनि सचिन सोनगरा,प्रआर रवि,आर नवीन देथलिया,अभिषेक सिंह पंवार, मनीष सिंह राठौर की सराहनीय भूमिका रही।


### कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने नायलोन डोर/चायना डोर के संबंध में जारी किए प्रतिबंधात्मक आदेश

**देवास।** कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने जिले में मानव/पशु पक्षियों के जीवन की सुरक्षा बनाए रखने तथा दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए जिले में पूर्व में जारी आदेश को अधिक्रमित करते हुए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अंतर्गत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किये है। सिंह ने आदेश दिए हैं कि जिले में कोई भी व्यक्ति मकर संक्राति पर्व एवं उसके पूर्व व पश्चात होने वाली पतंगबाजी में न तो नायलोन डोर/चायना डोर का निर्माण करेगा, न ही दुकानों में रखेगा न ही क्रय-विक्रय करेगा एवं न ही उपयोग करेगा। पतंग उडाने के लिए ऐसे मांझे या धागे पर पूर्ण प्रतिबंध होगा जो नायलॉन या अन्य संशलिष्ट पदार्थ (सिंथेटिक मटेरियल) से बना हो और/या जिस पर संशलिष्ट पदार्थो (सिंथेटिक मटेरियल) का लेप लगा हो तथा जो गैर-जैव अवक्रमणीय (नॉन-बायोडिग्रेडेबल) हो। नायलॉन प्लास्टिक या किसी अन्य संशलिष्ट (सिंथेटिक) पदार्थ से बने पतंग उड़ाने वाले धागे एवं किसी अन्य पतंग उड़ाने वाला धागे जो संशलिष्ट (सिंथेटिक) पदार्थ से लेपित है और गैर-जैव अवक्रमणीय (नान-बायोडिग्रेडिबल) है के निर्माण, बिक्री, भंडारण, खरीद, आपूर्ति, आयात और उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध होगा। केवल ऐसे सूती धागे से पतंग उड़ाने की अनुमति होगी, जो किसी भी तेज/धात्विक/कांच के घटकों/चिपकने वाले पदार्थ धागे को मजबूत करने वाली सामग्रियों से मुक्त हो। आदेश का उल्लंघन भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 के अंतर्गत दण्डनीय अपराध की श्रेणी में आता है, अपने अनुभाग क्षेत्र में संबंधित एसडीएम/एसडीओपी/तहसीलदार/नायब तहसीलदार आदेश का पालन सुनिश्चित कराएंगे। यह आदेश 02 माह तक प्रभावशील रहेगा। आदेश में उल्लेख है कि चायना डोर के उपयोग के कारण पूर्व में राहगीरों/पशु-पक्षियों के कटने तथा चोट पहुंचने की घटनाएं घटित हुई है। चायना डोर के उपयोग से दुर्घटना होना संभावित है। जिससे जन - धन एवं पशुहानि होने के साथ विवाद होने की संभावनाएं बनी रहती है तथा आमजनों में चायना डोर के विक्रय एवं उपयोग को लेकर असहमतियां भी व्यक्त की जाती रही है। क्षेत्र में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु चायना डोर के विक्रय और उपयोग पर तुरंत प्रतिबंध लगाये जाने के पर्याप्त आधार प्रतीत होते है और तुरंत निवारण करना वांछनीय है।



# कंजर समाज के पट्टाधारियों को वर्षों के बाद भी नहीं मिला जमीन का हक

### कलेक्टर जनसुनवाई में लगाई गुहार



**देवास।** जनसुनवाई के दौरान अधिकारियों को बताई अपनी समस्यां।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिले की सोनकच्छ तहसील अंतर्गत पीपलरावां गांव में हरिजन कंजर समाज के गरीब पट्टाधारियों को वर्षों बाद भी उनकी शासकीय पट्टे की जमीन का वास्तविक लाभ नहीं मिल पाया है। पीड़ितों का आरोप है कि तहसीलदार और पटवारी की लापरवाही के कारण न तो बटवारा किया जा रहा है और न ही जमीन पर किए गए अवैध कब्जे हटाए जा रहे हैं।

पीड़ित परिवारों ने इस मामले को लेकर कलेक्टर जनसुनवाई में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। उनका कहना है कि पीपलरावां में कंजर समाज के गरीब परिवारों को शासकीय पट्टे पर दी गई भूमि आज भी विवादों में फंसी हुई है। सर्वे नंबर 257/5 की लगभग 17 बीघा जमीन पर अवैध कब्जे का आरोप लगाया गया है।पीड़ितों के अनुसार, मृत खातेदारों के स्थान पर उनके वारिसों के नाम राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज हो चुके हैं, इसके बावजूद तहसील स्तर पर जानबूझकर बटवारा और बटांकन की प्रक्रिया रोकी जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि जब वे नायब तहसीलदार के कार्यालय पहुंचे तो उनके साथ अभद्र व्यवहार किया गया और स्पष्ट रूप से कहा गया कि न तो बटवारा किया जाएगा और न ही अवैध कब्जा हटाया जाएगा।

पीड़ित परिवारों ने यह भी आरोप लगाया है कि जिन लोगों ने जमीन पर अवैध कब्जा कर रखा है, उनसे उन्हें जान का खतरा बना हुआ है, लेकिन अब तक प्रशासन द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।अब पीड़ितों ने कलेक्टर जनसुनवाई में मांग की है कि तत्काल बटवारा कर उन्हें उनकी जमीन का कब्जा दिलाया जाए, अवैध कब्जाधारियों पर सख्त कार्रवाई की जाए और पीड़ित परिवारों को सुरक्षा प्रदान की जाए।

### 2 वार्डों में की जल सुनवाई



**देवास।** वार्ड क्रमांक 24 मिश्रीलाल नगर मे पार्षद रितु सवनेर के साथ जल सुनवाई मे रहवासियों के साथ चर्चा की। जिसमें सिवरेज का पानी चेम्बर से रोड पर आने की शिकायत तथा डाली गई सिवरेज लाईन में कुछ स्थानों पर रेस्टोरेशन नही किया गया था। जिसमें सडक पर आ रहे पानी की तत्काल सफाई करवाने के साथ रेस्टोरेशन का कार्य शीघ्र करवाये जाने हेतु उपयंत्री जीवन रावत एवं पार्षद सवनेर द्वारा कहा गया। वहीं वार्ड 22 जवाहर नगर में वार्ड मे भ्रमण करते हुये वार्ड पार्षद प्रतिनिधि महेन्द्र देशमुख द्वारा उपयंत्री रावत के साथ रहवासियों के साथ चर्चा कर जल सुनवाई की गई। जिसमें एक स्थान से प्राप्त गंदे पानी की शिकायत होने पर मौके पर ही निगम, अमृत मित्र की टीम द्वारा पानी का सेंपल लेकर पानी जांच की गई। रहवासी एवं पार्षद प्रतिनिधि के समक्ष जांच मे पानी की गुणवत्ता सही पाई गई। इसी प्रकार निगम द्वारा निरंतर वार्ड के जनप्रतिनिधि, पार्षदगणों के साथ निगम के उपयंत्री एवं टीम के द्वारा जल अभियान में जल सुनवाई कर प्राप्त शिकायत का निराकरण किया जायेगा।

### मुख्यमंत्री कन्या विवाह निकाह 23 को बसंत पंचमी पर होगा आयोजित



**देवास।** मुख्यमंत्री कन्या विवाह निकाह योजना अन्तर्गत सामुहिक विवाह एवं निकाह सम्मेलन का आयोजन शासन द्वारा निर्धारित 23 जनवरी शुक्रवार (तिथी बसंत पंचमी) पर नगर निगम देवास के द्वारा आयोजित किया जा रहा है। विवाह एवं निकाह सुचारू रूप से सम्पन्न करवाये जाने के लिये मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाह सम्मेलन समारोह समिति के अध्यक्ष गायत्री राजे पवार विधायक देवास की अध्यक्षता मे समिति सदस्य, महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल, विधायक एवं महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, सीमा सोलंकी, पुष्पलता सोनगरा, नवीन सोलंकी, सचिन जोशी, सुरेश सिलोदिया, शासकीय सदस्य उपायुक्त जाकिर जाफरी, संगीता यादव उपसंचालक सामाजिक न्याय विभाग, महिमा जैन सामाजिक सुरक्षा अधिकारी की उपस्थिति में विवाह एवं निकाह के संबंध मे आनंद भुवन पैलेस पर समीक्षा बैठक कर उपायुक्त जाफरी एवं जैन को स्थान चयन एवं अन्य सभी व्यवस्थाओं के लिये विधायक पवार ने आवश्यक दिशा निर्देश दिए। समिति अध्ययक्ष एवं विधायक पवार ने कन्या विवाह एवं निकाह के लिये नगर निगम द्वारा लिये जा रहे आवेदनों की अंतिम दिनांक 13 जनवरी से बढाकर 14 जनवरी निर्धारित की। विवाह एवं निकाह के आवेदन नगर निगम मे 14 जनवरी बुधवार को सुबह 10 बजे से सांय 6 बजे तक प्राप्त कर जमा कर सकते है।

# संघ शताब्दी वर्ष में जगह-जगह हो रहा हिंदू सम्मेलन का आयोजन





हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर शताब्दी वर्ष के उपलक्ष में जगह-जगह हिंदू सम्मेलन किया जा रहे हैं। सोमवार को नयापुरा मंडल में आने वाले पांच गांव नयापुरा, अवल्दा, अवल्दी, चारिया, झिकडी ,खामखेड़ी व खारचापुरा का हिंदू सम्मेलन नयापुरा चारिया रोड पर किया गया, जिसमें संजना परसाई हिंदू जागरण मंच जिला संयोजिका देवास ने संबोधित करते हुए कहा कि विश्व का प्रतिनिधित्व फ्रांस करेगा तो कलह ओर बढ़ेगा, जर्मनी करेगा तो विश्व युद्ध होग ,अमेरिका करेगा तो व्यापार बढ़ेगा, लेकिन विश्व का प्रतिनिधित्व भारत करता है तो पंच परिवर्तन होगा व शांति होगी। सत्यनारायण केरेपा राष्ट्रीय स्वयं संघ जिला देवास विभाग शारीरिक शिक्षण प्रमुख ने बताया कि गुरू गोविंद सिंह जी ने अपने चारों बेटे अजीतसिंह, जुझारसिंह, जोरावरसिंह, फतेहसिंह सनातन धर्म के लिए न्यौछावर कर दिए परंतु अपने धर्म से नहीं डिगे। इसी घड़ी में भागवत कथा वाचक राष्ट्रीय संत गोविंद जाने ने संबोधित करते हुए कहा कि जात पात की करो विदाई हम सब हिंदू हिंदू भाई-भाई क्योंकि बांग्लादेश में दलित हिंदू को जिंदा जला दिया गया व अमरनाथ के दर्शन करने गए हिन्दुओं को सिर्फ नाम पूछ कर गोली मारी गई। वहां जात नहीं पूछी गई हिंदू एक नहीं होने से हिंदुओं के देश में ही हिंदुओं को मारा जा रहा है। सनातन धर्म को बचाने के लिए संगठित रहो। कार्यक्रम के समापन में भारत माता की आरती के बाद भंडारे का आयोजन किया गया।

# बिना लाइसेंस के व्यवसाय करने वालों पर निगम दिख रहा सख्त, दुकानें होंगी सील

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



शहर में बिना (ट्रेड) लाइसेंस के व्यवसाय करने या लाइसेंस का नवीनीकरण नहीं करवाने वालों पर निगम आयुक्त दलीप कुमार के निर्देशानुसार निगम लाइसेंस प्रभारी हेमंत उबनारे, स्वच्छता निरीक्षक भूषण पंवार, हरेंद्रसिंह ठाकुर, संदीप सांगते, ओमप्रकाश पथरोड़, विजय सांगते, अनूप सांगते, वार्ड 39 दरोगा विकास सांगते, लाइसेंस वसूलीकर्ता चंद्रशेखर ठाकुर, गोविंद डागरे, साजिद शेख, रिमूवल टीम दरोगा अबरार पठान व उनकी टीम द्वारा सूतार बाखल, ईदगाह रोड़, जवाहर चैक, वार्ड 20 विकास नगर, वार्ड 18 पटेल नगर में चालानी कार्यवाही की गई। निगम की टीम ने लगभग 50 दुकानों पर कार्यवाही की। आयुक्त ने कहा कि निगम सीमा में संचालित होने वाले प्रत्येक व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को व्यावसायिक अनुज्ञप्ति लेना अनिवार्य है, जिन लोगों ने लाइसेंस नहीं लिया या नवीनीकरण नहीं करवाया है वे नगर निगम कार्यालय में लाइसेंस शाखा में संपर्क कर नया लाइसेंस अथवा नवीनीकरण अनिवार्य रूप से करवा ले। निरीक्षण के दौरान व्यवसाय (ट्रेड) लाइसेंस नहीं पाए जाने पर ऐसे दुकानदारों व व्यापारियों पर निगम दंडात्मक एवं चालानी कार्यवाही करेगा। साथ ही निगम लोक निर्माण विभाग की टीम को शहर मे एवं शहर के मुख्य मार्गो पर बने शापिंग मॉल, भवनों में एमओएस के विरूद्ध की जाने वाली कार्यवाही में कम्पाउंडिंग के निर्देश दिए।

### दो दिवसीय सांसद खेल महोत्सव का पुरस्कार वितरण के साथ हुआ समापन

# विजेता को अहंकार, हारने वाले को निराश नहीं होना चाहिए: सांसद

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

विजेता को अहंकार नहीं करना चाहिए। हारने वाले को निराश नहीं होना चाहिए। खेल से कड़ी मेहनत और अनुशासन की सीख मिलती है। यह विचार सांसद खेल महोत्सव के समापन एवं पुरस्कार वितरण के अवसर पर देवास शाजापुर लोकसभा सांसद महेंद्रसिंह सोलंकी ने प्रकट किए। इस अवसर पर महेश चौहान जिला उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी,लालजी राम मालवीय पूर्व विधायक आगर,दिलीप जाधव ,योगेंद्र जैन, गौरव कदम, मनीष जायसवाल, प्रवीण सांगते,विजय वर्मा, सुनील चौधरी उपस्थित रहे।

प्रतियोगिता संयोजक विश्वामित्र अवॉर्डी सुदेश सांगते ने बताया कि सांसद खेल महोत्सव अंतर्गत ओलंपिक खेल मैदान पर दो दिवसीय खेल महोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें सॉफ्ट टेनिस ,सॉफ्टबॉल, वालीबाल, बास्केटबाल ,खो खो ,कबड्डी एथलेटिक्स ,फुटबॉल, रस्सा कशी ,बैडमिंटन खेल का आयोजन किया गया। सभी खेलों की विजेता टीम को प्रथम 11000, द्वितीय 7000 एवं तृतीय 5000 राशि का चेक प्रदान किया गया। इसी प्रकार विजेता खिलाड़ियों को प्रथम 5000 द्वितीय 3000 एवं तृतीय 2000 का चेक प्रदान किया गया।




### टीम इवेंट के परिणाम

कबड्डी,बालक वर्ग निर्मल क्लब पालनगर (ए)प्रथम, बजरंग क्लब द्वितीय,निर्मल क्लब पालनगर (बी) तृतीय, कबड्डी बालिका वर्ग मॉडल स्कूल प्रथम, ज्ञान सागर स्कूल द्वितीय,पायनियर पब्लिक स्कूल तृतीय, बास्केटबॉल बालक वर्ग जिला बास्केट बॉल संघ प्रथम,खेल विभाग केंद्र द्वितीय, डिस्ट्रिक्ट बास्केटबॉल एसोसिएशन तृतीय, बास्केट बॉल बालिका वर्ग डिस्ट्रिक्ट बास्केटबॉल एसोसिएशन प्रथम, बीएनपी क्लब द्वितीय, सैन थॉम अकैडमी तृतीय, सॉफ्टबॉल बालक वर्ग प्रगति क्लब प्रथम,सेन थॉम अकैडमी द्वितीय,सरस्वती ज्ञान पीठ तृतीय, सॉफ्टबॉल बालिका वर्गसेन थॉम अकैडमी प्रथम ,प्रगति क्लब द्वितीय,सरस्वती ज्ञान पीठ तृतीय, रस्साकसी में बालक वर्ग में सिटी कान्वेंट स्कूल प्रथम,महाकाल स्कूल द्वितीय,पायोनियर तृतीय, रस्साकसी में बालिका वर्ग में पायोनियर पब्लिक स्कूल प्रथम,योगिता बाल मंदिर द्वितीय, सिटी कान्वेंट स्कूल तृतीय रहे। खो खो में बालक वर्ग में नारायण क्रीड़ा मंडल प्रथम, सेंट्रल इंडिया अकैडमी द्वितीय, सतपुड़ा एकेडमी तृतीय रहे। इसी प्रकार खो खो बालिका वर्ग में सतपुड़ा एकेडमी प्रथम, कैंब्रिज हायर सेकेंडरी स्कूल द्वितीय, सेंट्रल इंडिया अकैडमी तृतीय रहे।एथलेटिक्स बालक वर्ग 100 मीटर मयंक तामोढ, प्रतीक पारस द्वितीय, शुभम सिंह तृतीय 100 मीटर बालिका वर्ग में पूनम सविता प्रथम, मोनिका डोंगरे द्वितीय, संध्या बहनिया तृतीय 200 मीटर बालक वर्ग में शुभम सिंह राठौर प्रथम, मिकदाद आदिल द्वितीय, प्रतीक पारस तृतीय। 200 मीटर बालिका वर्ग में पूनम सविता प्रथम, मोनिका डोंगरे द्वितीय,खुशबू देवरे तृतीय रहे। सॉफ्ट टेनिस बालक वर्ग में आदित्य बालोदिया प्रथम,जयेश उपाध्याय द्वितीय,निपुण सांगते तृतीय। बालिका वर्ग में अनुष्का दवंडे प्रथम,एंजल ठाकुर द्वितीय,मैथिली जोशी तृतीय रहे। बैडमिंटन बालक वर्ग में आरुष सुपेकर प्रथम,युवराज वर्मा द्वितीय, तेजस बरोड़ तृतीय। बैडमिंटन बालिका वर्ग में भूमिका वर्मा। प्रथम प्रियांशी थपलियाल द्वितीय,गोरी सिसोदिया तृतीय रहे। कार्यक्रम का संचालन एवं प्रीति पवार ने किया।

### विवेकानंद जयंती पर सामूहिक सूर्य नमस्कार कर युवा दिवस मनाया



हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली

संस्कृत पाठशाला बागली में युग पुरुष स्वामी विवेकानंद का जन्म दिवस युवा दिवस के रूप में मनाया गया । संस्था के प्राचार्य पं. राकेश नागोरी ने बताया कि स्वामी विवेकानंद जी ने सनातन धर्म एवं संस्कृति का प्रचार प्रसार वैश्विक पटल पर किया।

उन्होंने राष्ट्रनिर्माण हेतु युवाओं की भूमिका, कौशल एवं चरित्र निर्माण पर विशेष बल दिया।अनंत ऊर्जा के पर्याय स्वामी जी का विराट जीवन, उनकी शिक्षाएं और विचार चिरकाल तक पुण्यभूमि भारत के युवाओं को प्रोत्साहित एवं प्रेरित करती रहेगी। ऐसे युगपुरुष की जयंती पर पाठशाला में 12 चक्र में समाहित सूर्यनमस्कार एवं विभिन्न प्राणायाम उपस्थित छात्र एवं शिक्षकों ने सामूहिक रूप से किए।

कार्यक्रम में वरिष्ठ शिक्षक प्रकाश चन्द्र व्यास, पं. सुनील जोशी, पं. ओम प्रकाश शर्मा, ललित तिवारी, पूजा सोनी, दीपाली गुप्ता, ज्योति हरनिया एवं ललित सोलंकी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### ऑनलाइन धोखाधड़ी से फ्रॉड हुई 2.86 लाख की सम्पूर्ण धनराशि वापस

**ललितपुर।** एडीजी कानपुर जोन, डीआईजी झांसी के निर्देशन, एसपी मो.मुश्ताक के कुशल नेतृत्व में साइबर क्राइम थाना पुलिस ने साइबर अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आवेदक थाना सौजना के ग्राम खटौरा निवासी गब्बर सिंह पुत्र बाबूलाल राजपूत के साथ 2 लाख 86 हजार 187 रुपये की वित्तीय धोखाधड़ी हुई थी, जिसकी साइबर क्राइम थाना पर प्राप्त शिकायत के आधार पर मु.अ.स.-13/2025 धारा 318(4), 336, 338, 340 बीएनएस और 66सी, 66डी आई.टी. एक्ट में पंजीकृत किया। साइबर क्राइम पुलिस ने पीड़ित के उपलब्ध कराये गये बैंक स्टेटमेन्ट व अन्य प्रपत्रों का अवलोकन व तकनीकी विश्लेषण कर, त्वरित व प्रभावी कार्यवाही करते हुये विभिन्न वित्तीय एजेंसियों, बैंकों, वॉलेट आदि से सम्पर्क कर, द्वारा उचित माध्यम से संबंधित वित्तीय एजेंसियों को ई-मेल व समन्वय स्थापित करके, पीड़ित का पैसा होल्ड कराकर फ्रॉड हुई सम्पूर्ण धनराशि को नियमानुसार वापस करने में सफलता प्राप्त की है। रुपये वापस कराने वाली पुलिस टीम में साइबर क्राइम थाना निरीक्षक कृष्णदेव यादव, उ.नि.राहुल सिंह शामिल रहे।

### युवा दिवस पर हुआ खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन

**ललितपुर।** युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग के तत्वावधान में राष्ट्रीय युवा दिवस पर ग्रामीण स्टेडियम गुढा में मुख्य अतिथि साहब सिंह द्वारा स्वामी विवेकानन्द चित्र पर माल्यार्पण किया। 100 मी.दौड में प्रथम-नेहा राजा, द्वितीय-राशि राजा, तृतीय-रीतू राजा रही। वॉलीवॉल में सिनियर विजेता-शनि राजा की टीम, उप विजेता-पवेन्द्र राजा की टीम रही। कबड्डी में विजेता-आभास प्रताप सिंह की टीम रही, उप विजेता-गोलू की टीम ने प्राप्त किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि स्वामी विवेकानन्दजी की तरह आप अपने परिवार, प्रदेश एवं देश के नाम की ख्याती देश विदेशों तक फैलाने के लिए स्वामी जी के जीवन से प्रेरित होकर हमेश प्रयासरत रहना चाहिए। कार्यक्रम में राष्ट्रीय युवा दिवस पर उपस्थित अतिथियों द्वारा स्वामी विवेकानन्द जी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला गया एवं खिलाडियों द्वारा विवेकान्दजी के जीवन मे प्राप्त की गयी उपलब्धियों के बारे मे विचार विमर्श किया गया। खेल प्रतियोगिता के विजेता खिलाडियों को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया। जिसमे निर्णायक की भूमिका का देवेन्द्र राजा द्वारा निर्वहन किया गया। अंत में क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रा.वि.द. अधिकारी शैलेन्द्र सिंह यादव ने किया।

### बुंदेलखंड निर्माण मोर्चा जंतर मंतर पर धरना देगा मांगे उठाएगा

**ललितपुर।** बुंदेलखंड की 6 स्वीकृत रेल लाइनों को पिछले 10 वर्षों से भारत सरकार ने रेल लाइने बिछाने के लिए पैसा स्वीकृत नहीं किया है. इन रेल लाइनों पर काम शुरू किया जाए. स्वीकृत रेल लाइने है ललितपुर सागर छिंदवाड़ा,छतरपुर सागर ललितपुर चंदेरी गुना ,झांसी शिवपुरी श्योपुर ,भिंड महोबा बांदा रेल लाइन को बजट आवंटित किया जाए दमोह सागर होकर नागपुर वर्धा रेल , दमोह सागर होकर पुणे रेल शुरू की जाए ।उन्होंने कहा. बुंदेलखंड के पर्यटन विकास के लिए बुंदेलखंड पर्यटन कॉरिडोर बनाया जाए । महान दानवीर डॉक्टर हरि सिंह गौर और हाकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद को भारत रत्न से विभूषित किया जाए !.स्कूलों के पाठ्यक्रमों में डा हरि सिंह गौर और मेजर ध्यानचंद की जीवनी को शामिल किया जाए. भारत सरकार द्वारा खोले जा रहे नए मेडिकल कॉलेज और विशेषत हाल ही में घोषित भिंड कटनी पन्ना आदि मेडिकल कॉलेजों को सरकारी कॉलेज बनाया जाए न की पीपीपी मॉडल पर । अपील की गई है कि 13 फरवरी को तैयार रहें।

### फॉर्चूनर कार हुई बरामद, तालबेहट पुलिस को मिली सफलता

# रुपए दोगुने करने वाली कंपनी सरगना के अलावा तीन और ठग पुलिस ने दबोचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

एलयूसीसी नाम की कम्पनी बनाकर लोगों को कम समय में जमा रकम दोगुनी करने का लालच देकर करोड़ों रुपयों की धोखाधड़ी के मामले में ललितपुर पुलिस ने महाठग रवि तिवारी को फिर से धर दबोचने में सफलता हांसिल की है। पुलिस ने रवि तिवारी के अलावा तीन और शातिर ठग हिरासत में लिये हैं। पुलिस ने चारों के पास से पैंतीस लाख रुपये की अनुमानित कीमत की फॉर्चूनर कार बरामद की है।

अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, डीआईजी परिक्षेत्र झांसी के निर्देशानुक्रम में, पुलिस अधीक्षक ललितपुर मो.मुश्ताक के निर्देशन, एएसपी कालू सिंह एवं सीओ तालबेहट रक्षपाल सिंह के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक मनोज मिश्रा ने अपनी टीम के साथ थाने में दर्ज मु.अ.सं. 06/2026 धारा 111, 318(4), 61(2), 338, 352, 351(3), 336(3), 340(2) बीएनएस के अभियोग में वांछित सिविल लाइन चांदमारी निवासी भरत वर्मा पुत्र स्व.जगदीश वर्मा, मड़ावरा निवासी मुकेश कुमार जैन पुत्र स्व.भागचंद्र जैन, मोहल्ला रामनगर लेखपाल कालोनी व हाल 20 ग्रीतग्रीन कॉलोनी करौंद थाना निशातपुरा जिला भोपाल म.प्र. निवासी रविशंकर उर्फ रवि तिवारी पुत्र तिलक राम तिवारी, उसका भाई विनोद कुमार तिवारी उर्फ रानू पुत्र तिलक राम तिवारी को धर दबोचा है। घटना को लेकर तालबेहट पुलिस ने बताया कि संगठित गिरोह बनाकर अपने आर्थिक लाभ के लिये एलयूसीसी नाम की एक चिटफंड कम्पनी के माध्यम से धोखाधड़ी कर षड्यन्त्र पूर्वक कूटरचित दस्तावेज तैयार करते हुये पीड़ित के रुपये लेकर हड़प लेना एवं पीड़ित द्वारा अपना रुपया वापस मांगने पर टाल-मटोल करते हुये गाली-गलौच करना तथा जान से मारने की धमकी देने के सम्बन्ध में सूचना दी गयी थी। सूचना के



आधार पर थाना तालबेहट पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर प्रकरण की गंभीरता व व्यापकता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक ने गुणवत्तापूर्ण विवेचनात्मक कार्यवाही व वैज्ञानिक साक्ष्य संकलन हेतु टीमें गठित की गयीं थी। गठित टीमों द्वारा सर्विलांस (मैनुअली/टैक्नीकल), वैज्ञानिक साक्ष्य संकलन व अन्य एकत्रित साक्ष्यों की मदद से 04 अभियुक्तगण को नियमानुसार गिरफ्तार किया गया है।

पूछताछ के दौरान हिरासत में लिये गये अभियुक्तों में रविशंकर तिवारी व विनोद तिवारी ने बताया कि वर्ष 2016 में समीर अग्रवाल ने एलयूसीसी नाम से एक अलग चिटफण्ड नाम की कम्पनी बनवाई। उसने जानबूझकर इस कम्पनी में अलग -अलग राज्यों के लोगो के आधार कार्ड, पैन कार्ड का दुरपयोग करके इस कम्पनी के डायरेक्टर व अन्य महत्वपूर्ण पद दे दिये थे। लेकिन पूरी कम्पनी का संचालन समीर अग्रवाल व उसके मुम्बई, इन्दौर, लखनऊ व अन्य राज्यों व जिलों से जुडे हुए लोगो के द्वारा किया जाता था जिसमें वह, आलोक जैन व अन्य हमारे सभी साथी मंहगे- मंहगे होटले में सेमिनार का आयोजन करते थे। वहां पर लोगो को हम लोगो लालच देकर विदेश में ले जाकर घुमाते भी थे ताकि लोगो को लगे कि हमारी कम्पनी सही कम्पनी है और इसमे ज्यादा से ज्यादा लोगो को जोडने पर रातो रातो अमीर बना जा सकता है। सेमिनार में हम लोग महगी गाडियो का भी लालच देते थे कि गाडियां आपको मुफ्त में मिल जायेगी और हम लोग मंहगे कपड़े, और होटलो में खाना मुफ्त में खिलाते थे ताकि लोग हम लोगो से जुड़ सकें। इस सोसायटी के माध्यम से पांच वर्ष में निवेशित धनराशि डबल होने के बारे में जानकारी देते थे और लोगो को बताते थे कि सोसायटी में निवेश की गयी धनराशि को गोल्ड माइन्स एडवर्टाइजमेन्ट कम्पनी, लोहे की खदान, तेल के कुंए में लगाने की बात हम लोग बताते थे और इस बात का भी विश्वास देते थे कि आप लोगों द्वारा निवेश किये गये एवं कराये जा रहे धन को शत प्रतिशत सुरक्षित किया गया है और वह बहुत जल्दी ही डबल हो जायेगा। हमारी कम्पनी में अलग-अलग स्कीम के माध्यम से लोगो को जुडने कि लिये प्रेरित करते थे। उक्त लोग अलग-अलग स्कीमों में अलग-अलग राज्यो और अलग-अलग जिलो में जैसे ललितपुर, टीकमगढ, सागर, अशोक नगर, झांसी एवं विदिशा में अपना नेटवर्क स्थापित करते हुए निवेशकर्ताओं को लाभान्वित करने का विश्वास दिलाकर सैकड़ो- करोडों रुपये से अधिक का निवेश कराया है। मैंने इस कारोबार में धन की मोटी आमद को देखते हुए अपने भाई विनोद तिवारी को भी लगाकर अपने कार्यक्षेत्र में इजाफा किया जिसके एवज में मुझे अब तक करोड़ों रुपये कमीशन के रूप में प्राप्त हो चुके है। कम्पनी द्वारा 10 अलग -अलग ग्रुप बनाये गये हैं जिसमें अल्टो ग्रुप, स्कार्पियों ग्रुप, एक्सयूवी ग्रुप आदि हैं। जिसका लालच देकर के हम लोग भोले-भाले लोगो को पैसा जमा कराने के लिये प्रेरित करते हैं कि आप लोगो को भी यह मंहगी गाडियां मिल सकती है। रवि तिवारी ने बताया कि उसने अपने भाईयों व परिवारों के अन्य सदस्यो के नाम पर कई करोड का होटल, प्लाट, जमीने ललितपुर, भोपाल, इन्दौर आदि जगह खरीदी हैं। कम्पनी का नाम और अपने कार्यालय लगातार बदलते रहते है जिससे पकड़े न जाये और जब भी कोई शिकायत करता है तो उसका रूपया देकर हम लोग आसानी से बच जाते है। इसी कम्पनी के माध्यम से कमाये हुए करोड़ो रूपयों से मैने विलासतापूर्ण जीवन जिया है। भरत वर्मा ने बताया कि वह एलयूसीसी आफिस में विभिन्न ब्रांचों से कैश कलेक्शन करने का कार्य करता था जिसके लिये मुझे मासिक रुपये 50 हजार रुपये के अतिरिक्त समय समय पर आलोक जैन द्वारा उपहार स्वरूप नगदी भी दी जाती थी। इस कार्यालय में काफी रुपये निवेशकर्ताओं के विभिन्न ब्रांचो से इक_ा होते थे प्रतिदिन जमा की गयी नगदी का लेखा जोखा मैं स्वयं रखता था और आलोक जैन के माध्यम से प्रतिदिन लाखों रुपये झांसी स्थित एलयूसीसी के चेस्ट में भिजवाता था। मुकेश जैन ने बताया कि वह मडावरा में एलयूसीसी ब्रान्च आफिस का हैड था जिसमें मैंने अब तक करोडों रूपयो को अपने कार्यालय के माध्यम से एलयूसीसी में निवेश कराया है। वह ब्रान्च आफिस पर संकलित धन राशि को एलयूसीसी वैन के माध्यम से जनपदीय हेड आफिस ललितपुर रवि तिवारी एवं आलोक जैन के पास भेजता था। हम सभी लोगों ने आमजनमानस के साथ धोखाधडी कर कपटपूर्वक संगठित धन अर्जित करने के लिये उनके धन का निवेश किया।

### दूसरी बार कुशवाहा बने जिला महामंत्री

# लगातार तीसरी बार विवेक सिंह जिलाध्यक्ष नियुक्त

### निर्विरोध चुने गए पदाधिकारियों से हर्ष की लहर



**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ उत्तर प्रदेश शासन द्वारा मान्यता प्राप्त संख्या 1614(1)33-1-2015 जनपद ललितपुर के द्विवार्षिक अधिवेशन 2026-27 की नामांकन प्रक्रिया जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय स्थित सभागार में सम्पन्न हुई। प्रांतीय निर्देशों के क्रम में झांसी से आए निर्वाचन अधिकारियों की उपस्थिति में निर्वाचन प्रक्रिया कराई गई। समस्त पदों के लिए सामंजस्य के साथ केवल एक-एक नामांकन पत्र प्राप्त होने के कारण निर्वाचन प्रक्रिया निर्विरोध रूप से सम्पन्न हुई। निर्वाचन परिणामस्वरूप जिलाध्यक्ष पद पर विवेक सिंह, जिला महामंत्री पद पर जेपी कुशवाहा, जिला कोषाध्यक्ष पद पर करनसिंह राजपूत, जिला संगठन मंत्री पद पर अरविंद कुमार तथा जिला संप्रेक्षक पद पर ओमप्रकाश निर्वाचित घोषित किए गए। अंत में निर्वाचन अधिकारियों द्वारा नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने संगठन से जुड़े समस्त कर्मचारियों का आभार व्यक्त करते हुए कर्मचारी हितों में पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य करने का आश्वासन दिया।

### नेहरू नगर के सैकड़ों परिवार परेशान

# जाड़े में नलों से पानी गायब गर्मी में कैसे होगी आपूर्ति?



**ललितपुर।** शहर के नेहरू नगर क्षेत्र में पिछले एक सप्ताह से नलों में पानी की आपूर्ति ठप पड़ी है, जिससे सैकड़ों परिवारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में क्षेत्रीय नागरिकों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र समाधान की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया कि नेहरू नगर की देहरे वाली बब्बा गली सहित आसपास की गलियों में बड़ी आबादी निवास करती है। करीब एक हजार से अधिक लोगों को पीने का पानी नहीं मिल पा रहा है। बताया गया कि पड़ोरिया हाउस के पास पाइप लाइन टूट जाने के कारण काफी समय तक पानी सड़क पर बहता रहा, लेकिन लीकेज की मरम्मत नहीं की गई। इसके चलते नलों की जलापूर्ति पूरी तरह बाधित हो गई। निवासियों का आरोप है कि हर घर नल योजना शासन की प्राथमिक योजनाओं में शामिल है, लेकिन ठेकेदार द्वारा मोटी पाइप लाइन में जगह-जगह टी लगाकर केवल मुख्य सड़क तक ही कनेक्शन दिया गया है। निचले इलाकों में अब तक पानी नहीं पहुंच पा रहा। ठेकेदार से संपर्क करने पर उसने कार्य पूर्ण होने की बात कहते हुए जिम्मेदारी विभाग पर डाल दी। क्षेत्रवासियों ने मांग की है कि देहरे वाली मुख्य गली को मोटी पाइप लाइन से जोड़कर तत्काल जलापूर्ति शुरू कराई जाए तथा पड़ोरिया हाउस के पास पाइप लाइन के लीकेज की मरम्मत कराई जाए। नागरिकों ने प्रशासन से जल्द कार्रवाई कर राहत देने की अपील की है।

# महरौनी में अहिरवार समाज महापंचायत की बैठक संपन्न, संगठन को मजबूत करने पर दिया जोर





**महरौनी।** मंगलवार को विकासखंड महरौनी स्थित ज्योति मैरिज गार्डन महरौनी में अहिरवार समाज महापंचायत के तत्वावधान में ब्लॉक स्तरीय सामाजिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में समाज से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। महापंचायत द्वारा निर्धारित 15 बिंदुओं पर गंभीर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि समाज को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए घर-घर जाकर संगठन का विस्तार किया जाएगा। साथ ही समाज की समस्याओं के समाधान हेतु एक जिला स्तरीय समिति के गठन पर भी चर्चा हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष तुलसीराम अहिरवार जिजयावन और विशिष्ट अतिथियों में बंधुराम अध्यापक मड़ावरा, जवाहरलाल नेताजी ब्लॉक अध्यक्ष बार, जगदीश अध्यापक जखौरा ब्लॉक अध्यक्ष, घनश्याम मेलार ब्लॉक संरक्षक जखौरा, मूलचंद सूरीकलां, लछमन डगराना, ज्ञानचंद सूरी कला, मुन्ना तुर्का, देवेंद्र कुमार, बुददेराम माते जरावली, रामसरुप टीकरा, गोकुल प्रसाद चिगलौआ, गणेश प्रसाद उदयपुरा, अजुददी गैदोरा, ग्यासी बिलाटा, देवीलाल अहिरवार शिक्षक, एडवोकेट जगन लाल अहिरवार, सुल्तान सिंह गैदोरा, महेंद्र पनारी, हरदास बाबूजी, ब्लॉक अध्यक्ष बिरधा मोहनलाल खाईखेरा रहे। बैठक में समाज की एकता, शिक्षा, संगठन विस्तार और सामाजिक जागरूकता पर विशेष बल दिया गया। बैठक में राजेन्द्र कुमार महरौनी, भागीरथ महरौनी, कांशीराम भौडी, हरगोविंद अध्यापक, महेन्द्र पनारी, हरेंद्र भारती ब्लॉक अध्यक्ष आदि थे।

# मकर संक्रान्ति पर लगने वाले मेले में व्यवस्थाएं रखें चुस्त-दुरुस्त : नपाध्यक्ष

### ईओ ने सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के दिए निर्देश

**ललितपुर।** मकर संक्रान्ति पर्व के चलते बांध की तलहटी पर स्थित श्री सीता पाठ मंदिर पर लगने वाले मेले की तैयारियों को दृष्टिगत रखते हुए नपाध्यक्ष सोनाली जैन व ईओ दिनेश कुमार विश्वकर्मा ने तैयारियों का जायजा लिया। इसके अलावा संबंधितों को साफ सफाई व्यवस्था सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश दिये। नपाध्यक्ष ने श्री सीतापाठ मंदिर के महंत से व्यवस्थाओं के बारी में चर्चा समस्त व्यवस्थाएं समय से दुरूस्त कराये जाने हेतु कहा गया। नपाध्यक्ष ने अमृत योजना के अंतर्गत सीतापाठ के सौंदर्यीकरण, तालाब के निर्माण व पार्क निर्माण कार्यों का भी जायजा लिया गया, जिसमें बताया गया घाटों का निर्माण कार्य भी कराया गया है। इसके अलावा पार्क का भी निर्माण कार्य कराया जायेगा।

उन्होंने संबंधित को शीघ्र ही तालाब में पानी भरने एवं तालाब के आसपास व घाटों की साफ सफाई कराये जाने के निर्देश दिये। ईओ दिनेश कुमार ने कहा कि अमृत योजना के तहत सीतापाठ मंदिर के सौंदर्यीकरण के लिए



1.3 करोड़ रूपए का आवंटन हुआ था, जिसके क्रम में घाट का निर्माण, तालाब निर्माण में सीसी कार्य, बाउण्ड्रीबाल सहित अनेक कार्य कराये गये है। पार्क निर्माण हेतु कार्य प्रगति पर है।

इसके अलावा मकर संक्रान्ति पर्व को दृष्टिगत रखते हुए आसपास साफ सफाई व्यवस्था सुनिश्चित कराई जा रही है। साथ ही बनाये गये तालाब में जल भराव भी कराया जा रहा है।

# रासेयो ने दी सड़क सुरक्षा जागरुकता अभियान के तहत लोगों को जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

के०पी०एस० पी०जी कॉलेज ककरूआ ललितपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमेंवा योजना कार्यकम अधिकारी प्रभांशु नगाइच एवं सहायक कार्यकम अधिकारी दिनेश श्रीवास्तव के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं ने रैली निकाल कर सड़क सुरक्षा का संदेश दिया, तथा सड़क सुरक्षा प्रभारी पुष्पेन्द्र पुरोहित एवं सहायक सडक सुरक्षा प्रभारी राजकुमार पटेल के निर्देशन में सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ कॉलेज की डॉयरेक्टर डॉ० लतिका सुडेले, प्राचार्य डॉ० राजेन्द्र प्रकाश, राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यकम अधिकारी प्रभांशु नगाइच, सहायक राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी दिनेश श्रीवास्तव, सडक सुरक्षा प्रभारी पुष्पेन्द्र पुरोहित एवं सहायक सड़क सुरक्षा प्रभारी राजकुमार पटेल ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन करके किया।

### वाहन चलाते समय हेलमेट/सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें

डॉ० लतिका सुडेले ने अपने सम्बोधन में कहा कि छात्र-छात्राएं वाहन चलाते समय हेलमेट/सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें, एवं नियंत्रित गति से वाहन चलायें। वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करें और दोपहिया वाहन चलाते समय सिर्फ दो लोग ही बैठें तथा दोनों ही लोग हेलमेट का प्रयोग करें। प्राचार्य डॉ० राजेन्द्र प्रकाश ने कहा कि नाबालिग छात्र-छात्राएं वाहन का प्रयोग न करें। पैदल यात्रियों के लिये पैदल पथ और साइकिल चालकों के लिये साइकिल लाइन उपलब्ध कराकर असुरक्षित सड़क उपयोग कर्ताओं को अलग करें। आईक्यूएसी० प्रभारी प्रभांशु नगाइच ने कहा कि कभी भी शराब पीकर वाहन न चलायें और गति सीमा का ध्यान रखें।

कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता दीपक जैन ने किया और राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी प्रभांशु नगाइच ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में असि०प्रो० दिनेश श्रीवास्तव, डॉ० साकेत कुमार, दीपक जैन, भानूप्रताप सिंह, रानी देवी, छाया तिवारी, अनीता साहू, नेहा श्रीवास्तव, ज्योति रानी, पुष्पेन्द्र पुरोहित, केहर राही, निधि जैन, जगतराज, राजकुमार पटेल, पंकज पटैरिया, रवीन्द्र कुमार अभिषेक शुक्ला, अमित कुमार, नीलू मुबीन मंसूरी, अंकेश यादव, राजेन्द्र रजक, सक्षम त्रिपाठी, राहुल जैन, शशि श्रीवास्तव मनोज रजक, पुष्पेन्द्र, अमित, गोलू, माता प्रसाद तिवारी ने प्रतिभाग किया।

### पर्व को उत्सव के रूप में क्यों मनाते हैं पर रखे विचार

# सनातन संस्कृति लोहड़ी त्योहार की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) द्वारा मूल्यांकित संस्थान पहलवान गुरुदीन प्रशिक्षण महाविद्यालय पनारी, ललितपुर में लोहरी दिवस के पावन त्यौहार को बड़ी की धूम-धाम व उत्साह के साथ मनाया गया।

साथ ही महाविद्यालय के डॉ0 भीमराव अंबेडकर सभागार में लोहरी दिवस त्यौहार पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ग्रुप ऑफ कालेज के डायरेक्टर डॉ0 सौरभ यादव, प्रशिक्षण महाविद्यालय प्राचार्य डॉ0 महेश कुमार झा, उपप्राचार्य डॉ0 रामलाल रैकवार, कृषि विभागाध्यक्ष डॉ0 भजनलाल साहू एवं कार्यक्रम संयोजक असि0प्रो0 रानू सिंह ने मॉ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यापर्ण व दीप प्रज्वलन कर किया। डायरेक्टर डॉ0 सौरभ यादव ने बताया कि भारत की समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं और लोक उत्सवों की श्रृंखला में लोहड़ी का पर्व एक विशेष स्थान रखता है। यह पर्व न केवल प्रकृति, कृषि और ऋतु परिवर्तन का उत्सव है, बल्कि सामाजिक एकता, सामूहिक आनंद और पारंपरिक मूल्यों का प्रतीक भी



है। लोहड़ी दिवस के पावन अवसर पर समस्त देशवासियों, विशेषकर उत्तर भारत के नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाइयाँ। प्राचार्य डॉ0 महेश कुमार झा ने बताया कि लोहड़ी पर्व कृषि संस्कृति का जीवंत प्रतीक है। यह त्योहार किसानों की मेहनत, धैर्य और प्रकृति के साथ उनके गहरे संबंध को दर्शाता है। खेतों में बोई गई फसलों के अच्छे उत्पादन की कामना के साथ किसान लोहड़ी मनाते हैं। यह पर्व सामूहिक श्रम, आपसी सहयोग और साझा उत्सव की भावना को प्रोत्साहित करता है। कृषि प्रधान भारत में ऐसे पर्व न केवल मनोरंजन का माध्यम हैं, बल्कि समाज को प्रकृति संरक्षण, संतुलित जीवन और कृतज्ञता का संदेश भी देते हैं। लोहड़ी हमें यह सिखाती है कि मानव जीवन प्रकृति पर निर्भर है और उसका सम्मान करना हमारा कर्तव्य है। उपप्राचार्य डॉ0 रामलाल रैकवार ने कहा कि लोहड़ी पर्व के पीछे अनेक लोक कथाएँ, ऐतिहासिक प्रसंग और पौराणिक मान्यताएँ जुड़ी हुई हैं। कहा जाता है कि लोहड़ी का संबंध सूर्य देव और अग्नि देव की आराधना से है। इस दिन लोग अग्नि प्रज्वलित कर उसकी परिक्रमा करते हैं और तिल, गुड़, मूंगफली, रेवड़ी, पॉपकॉर्न आदि अर्पित करते हैं। अग्नि को साक्षी मानकर जीवन में सुख, समृद्धि और स्वास्थ्य की कामना की जाती है। कृषि विभागाध्यक्ष असि0प्रो0 भजनलाल साहू ने कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरण संरक्षण अत्यंत आवश्यक हो गया है। लोहड़ी पर्व हमें प्रकृति के साथ संतुलन बनाए रखने की प्रेरणा देता है। अग्नि पूजा के साथ-साथ हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि हम प्राकृतिक संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग करेंगे, पर्यावरण को स्वच्छ रखेंगे और भावी पीढ़ियों के लिए सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित करेंगे। इस अवसर पर यह आवश्यक है कि लोहड़ी का आयोजन पर्यावरण अनुकूल तरीके से किया जाए। अनावश्यक प्रदूषण, प्लास्टिक का उपयोग और अपशिष्ट फैलाने से बचते हुए हम इस पर्व को हरित और स्वच्छ बना सकते हैं। कार्यक्रम के अंत में संयोजक असि0प्रो0 रानू सिंह ने कार्यक्रम में पधारे हुए सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि लोहड़ी दिवस के पावन अवसर पर यही कामना है कि यह पर्व सभी के जीवन में सुख, समृद्धि, स्वास्थ्य और शांति लेकर आए। यह पर्व हमें अपनी सांस्कृतिक विरासत पर गर्व करने, सामाजिक एकता को मजबूत करने और प्रकृति के प्रति कृतज्ञ रहने की प्रेरणा देता है। आइए, हम सभी मिलकर लोहड़ी के इस पावन पर्व को उत्साह, उमंग और सकारात्मक सोच के साथ मनाएँ तथा एक समृद्ध, सशक्त और संस्कारित समाज के निर्माण में अपना योगदान दें।

### मुख्यमंत्री ने किया वर्चुअल संबोधन, सारंगपुर में युवा संगम रोजगार मेला आयोजित

# युवा संगम रोजगार मेला : 92 कंपनियों ने 10 हजार 112 बच्चे किए चयनित, 5 जिलों की युवाशक्ति हुई शामिल





हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

स्वामी विवेकानंद की जयंती एवं युवा दिवस के अवसर पर युवा संगम रोजगार मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन एवं कन्या पूजन के साथ हुआ। साथ ही वीडियो कार्फ्रेंसिंग के माध्यम से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं सूक्ष्म लघू मध्यम उद्यम एवं जिले के प्रभारी मंत्री चैतन्य कश्यप शामिल हुए।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपने संबोधन में सीहोर, शाजापुर, गुना एवं आगर-मालवा के इस युवा संगम रोजगार मेले के लिए सभी को बधाई एवं प्रणाम किया। उन्होंने कहा कि मेले में 125 से अधिक कंपनियां सम्मिलित हुई हैं और 16 हजार से ज्यादा रोजगार के अवसर उपलब्ध हैं। महिलाओं की अच्छी भागीदारी रही, वहीं दिव्यांग भाई-बहनों की उपस्थिति सबसे अधिक प्रसन्नता देने वाली है, क्योंकि उन्हें सामान्य जनों से अलग कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नौकरी केवल नियुक्ति नहीं, बल्कि एक सपना होती है। युवाओं को रोजगार पाने के साथ-साथ भविष्य में रोजगार देने वाला बनना चाहिए। यह मेला स्वावलंबन और सम्मान की दिशा में एक सशक्त प्रयास है।

#### मुख्यमंत्री के नेतृत्व में युवाओं को रोजगार के निरंतर अवसर : डॉ. सोलंकी

राज्यसभा सांसद डॉ. सुमेर सिंह सोलंकी ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में युवाओं को जोड़ने और उन्हें रोजगार देने का निरंतर कार्य किया जा रहा है। हर माता-पिता का सपना होता है कि उनका बच्चा आईएएस, आईपीएस, डॉक्टर या इंजीनियर बने और सरकार युवाओं को आगे बढ़ने के लिए अवसर दे रही है। उन्होंने कहा कि नौकरियों की संख्या सीमित होती है, फिर भी हमारी सरकार ने 1 लाख 80 हजार लोगों को रोजगार प्रदान किया है। युवाओं को हतोत्साहित न होने की सलाह देते हुए उन्होंने अपना उदाहरण साझा किया कि राजनीति में आने से पहले उन्होंने 13 साल तक मोटर वाइंडिंग का काम किया, फिर पीएससी से प्रोफेसर बने और आप सभी के विश्वास से सांसद बने।

#### कौशल ही सफलता की कुंजी, हतोत्साहित न हों युवा : राज्यमंत्री टेटवाल

*राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कौशल विकास एवं रोजगार विभाग गौतम टेटवाल ने कहा कि मेले में बड़ी-बड़ी कंपनियां शामिल हुई हैं, जिनके माध्यम से लगभग 5 हजार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा तथा 20 हजार युवाओं तक पहुंच बनाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने सभी का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद एवं अभिनंदन किया तथा विशेष रूप से नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले दिव्यांग भाई-बहनों का हृदय से अभिनंदन किया। युवाओं को जब कौशल विकास का अवसर मिलता है तो विकास के नए आयाम खुलते हैं। कौशल और हुनर को आजीविका से जोड़ना अनिवार्य है। आईटीआई व पॉलिटेक्निक जैसे कार्यक्रम स्किल डेवलपमेंट की मजबूत नींव हैं। हमारा युवा नौकरी मांगने वाला नहीं, नौकरी देने वाला बने। मध्यप्रदेश का युवा प्रतिभाशाली है, उन पर पूरा विश्वास है।*

#### 8 कंपनियां दिव्यांग भाई-बहनों को रोजगार के लिए कटिबद्ध : कलेक्टर

*उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन ने इस आयोजन से प्रेरणा ली है और आगे भी रोजगार मेले आयोजित किए जाएंगे। इसके लिए कंपनियों से लगातार संपर्क किया जा रहा है। कंपनियों की जो उपस्थिति का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, उससे कहीं अधिक कंपनियां यहां सम्मिलित हुई हैं और बड़ी संख्या में युवाओं का पंजीयन किया गया है। कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा ने बताया कि 8 कंपनियां विशेष रूप से दिव्यांग भाई-बहनों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए प्रयासरत हैं। उन्होंने इस सफल आयोजन के लिए सभी सहयोगियों, कंपनियों, जनप्रतिनिधियों और युवाओं का अभिनंदन एवं धन्यवाद किया।*

### 15 लाख का बजट हुआ था स्वीकृत

## गुणवत्ताहीन बन रहा सामुदायिक भवन



**लखनवास।** सामुदायिक भवन की गुणवत्ता पर सवालिया निशान लगना शुरू हो गए हैं। जहां पर रेत की जगह डस्ट वाली चूरी का उपयोग किया जा रहा है और जिम्मेदारों ने खामोशी साध ली है। सीमेंट में डस्ट मिलाने से दीवारें अंदर से खोखली रह जाती हैं जो भविष्य में किसी हादसे को न्योता दे सकती हैं। निर्माण कार्य में ईंट घटिया और कच्ची पीली ईंटों का ढेर लगा है। हाथ से दबाने पर ही चूरा हो जाने वाली इन ईंटों से सामुदायिक भवन की मजबूती पर सवालिया निशान लग गया है। 15 लाख के बजट में ठेकेदार द्वारा ऐसी सामग्री का उपयोग सीधे तौर पर सरकारी धन की बंदरबांट की ओर इशारा करता है। अब देखना है कि क्या प्रशासन इन घटिया ईंटों और डस्ट के मिश्रण पर कोई कार्रवाई करता है या इसे ऐसे ही नजरअंदाज किया जाएगा।

**इनका कहना है...**

हम धूल वाली चूरी नहीं लगने देंगे उसको हटवा देंगे। गुणवत्ताहीन काम नहीं होने देंगे।

प्रवीण, एसडीओ
जनपद पंचायत ब्यावरा

## जल सप्लाई टंकी की सफाई करवाई

**जीरापुर।** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने नागरिकों को शुद्ध व गुणवत्ता युक्त पेयजल उपलब्ध कराने के लिए निकाय के कर्मचारियों को निर्देशित किया। इस आदेश का पालन करते हुए नगर परिषद में प्रत्येक जल स्त्रोत ओवरहेड टेंक एवं फिल्टर प्लांट की प्रति 3 माह में साफ सफाई कार्य करने तथा आइल पेंट से अंकित करना एवं समय समय पर फिल्टर प्लांटो का निरीक्षण कार्य संपादित किया जाएगा। जलप्रदाय सप्लाई के समय जल परीक्षण, पाइपलाइनों के लीकेज की दुरुस्ती, बॉल चेम्बरो की साफ सफाई कार्य व्यवस्था को गंभीरता से लेने सीएमओ हरीओम शर्मा ने कर्मचारियों को आदेश जल शाखा के समस्त कर्मचारी को दिए। इस तारतम्य में जलप्रदाय आवास स्थित साढे चार लाख लीटर पानी की टंकी की अंदर से सफाई करवाई। बाहर पुताई पेंट करवाया।

## राष्ट्रीय युवा दिवस पर निकाली गई महापुरुष व वीरांगनाओं की झांकियां



**ब्यावरा।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी विवेकानंद एकेडमी सीनियर सेकंडरी स्कूल ब्यावरा एवं सिस्टर निवेदिता गर्ल्स हायर सेकंडरी स्कूल ब्यावरा ने स्वामी विवेकानंद की जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर नगर पालिका काम्पलेक्स स्थित स्वामी विवेकांनद की प्रतिमा पर माल्यापर्ण कर कार्यक्रम को प्रारंभ किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रकाश शर्मा एसडीओपी ब्यावरा संस्था के डायरेक्टर शिवम चंद्रवंशी महिमा वर्मा, प्राचार्या अंकिता गुप्ता, नेहा शर्मा, सीमा त्रिपाठी ,कविता नामदेव, संजय सक्सेना उपस्थित रहे। इसके बाद चल समारोह का आयोजन किया गया। चल समारोह का प्रारंभ जिओ मार्ट ब्यावरा से किया गया।

इस चल समारोह में विभिन्न महापुरुष एवं वीरांगनाओं की झांकियां की प्रस्तुति दी गईं। जिसमें स्वामी विवेकानंद, मां शारदा, स्वामी रामकृष्ण परमहंस, दयानंद सरस्वती, राजा राममोहन राय, सरोजिनी नायडू,आर्यभट्ट, गोस्वामी तुलसीदास, चाणक्य, सरदार वल्लभभाई पटेल, बाबा साहेब अंबेडकर, महात्मा गांधी, सिस्टर निवेदिता,भारत माता, विवेकानंद, कल्पना चावला, किरण बेदी, इंदिरा गांधी, जोरावर सिंह, फतेह सिंह, माता गुजरी, रानी दुर्गावती, लक्ष्मीबाई, जीजा माता नेताजी सुभाषचंद्र बोस, शिवाजी महाराज, महाराणा प्रताप, तात्या टोपे, टांटिया भील, भगवान बिरसा, मुंडा राणा पूंजा, आदिवासी नृत्य, दिवंगत डायरेक्टर स्वर्गीय रामदयाल वर्मा नगर के प्रमुख मार्ग पर चल समारोह का स्वागत किया गया। कार्यक्रम का समापन विवेकानंद एकेडमी सीनियर सेकंडरी स्कूल ब्यावरा मुल्तानपुरा में किया गया।

## तीन अलग-अलग घटनाओं में तीन की मौत, एक गंभीर घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

रविवार को क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर हुई घटनाओं में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। इन घटनाओं से क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई है। जानकारी अनुसार माचलपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पोलखेड़ा निवासी जितेंद्र पिता लक्ष्मण माली (22 वर्ष) एवं घनश्याम पिता कैलाश (20 वर्ष) सारंगपुर में आयोजित युवा संगम रोजगार मेले में रोजगार की तलाश में बाइक से आ रहे थे। इसी दौरान सारंगपुर के समीप खासपुरा जोड़ पर एक अज्ञात पिकअप वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में जितेंद्र माली की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि घनश्याम गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को प्राथमिक उपचार के बाद शाजापुर जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

वहीं दूसरी घटना में लिमचैहान थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम दयाखेड़ी की है। यहां फूल सिंह पिता गोकुल भिलाला (31 वर्ष) की दयाखेड़ी रोड पर सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों और ग्रामीणों में शोक का माहौल है। तथा तीसरी घटना सारंगपुर थाना क्षेत्र की है, जहां शिवानी पिता मुकेश प्रजापति (16 वर्ष) की घर में करंट लगने से मौत हो गई।

**स्वामी विवेकानंद स्कूल में विराजित की गई प्रतिमा**

## जयपुर के कलाकारों द्वारा निर्मित स्वामीजी की प्रतिमा लोकार्पित



**राजगढ़।** युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद की 163वीं जयंती के अवसर पर नगर के स्वामी विवेकानंद स्कूल में महापुरुष की प्रतिमा का विराजित करते हुए उसका लोकार्पण किया गया। जयपुर के कलाकारों निर्मित इस प्रतिमा के लोकार्पण अवसर पर स्कूल के बच्चों को स्वामीजी के जीवन से जुड़े प्रमुख प्रसंगों एवं पहलुओं से अवगत कराया गया।

इसके साथ ही स्वामीजी के जीवनवृत्त को संगीतमय माध्यम से बच्चों के सम्मुख प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर स्कूल प्राचार्य अमित शाहा ने बच्चों को एक साधारण बालक नरेंद्र के स्वामी विवेकानंद बनने तक के सफर के प्रेरणादायी संस्मरण सुनाए। इस अवसर पर न केवल स्कूल के छात्र-छात्राएं बल्कि कई अभिभावक भी उपस्थित रहे। शाला की उप-प्राचार्या श्वेता व्यास ने अंत में सभी का आभार व्यक्त किया। विद्यालय संचालक देवेंद्र जैन एवं प्रीति जैन ने सभी को स्वामीजी की जयंती की बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

#### महाविद्यालय में भी आयोजित हुआ कार्यक्रम

स्वामीजी की जयंती के अवसर पर स्थानीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान महाविद्यालय परिसर स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण उपरान्त कॉलेज परिसर से खिलचीपुर नाके तक एक जागरुकता रैली आयोजित की गई। इसके उपरान्त युवा उद्यमियों के उद्धबोधन उपरान्त नवीन बिल्डिंग के पुस्तकालय में स्वामीजी की जीवनयात्रा पर चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।



## पानी की जांच के लिए वार्डों में पहुंची टीम

**ब्यावरा।** नगर परिषद खुजनेर ने पानी की शुद्धता की जांच करने के उद्देश्य से सोमवार को एक टीम बनाकर नगर के विभिन्न वार्डों में पानी की जांच का बीड़ा उठाया। इस दौरान जांच टीम ने हर एक वार्ड में जाकर पानी का पीएच व अन्य रासायनिक जांच की। इस दौरान वार्डों में सप्लाय किए जाने वाले पानी की शुद्धता सही मापी गई। वहीं नगर परिषद के सीएमओ कृष्णकांत शर्मा भी इस दौरान अपनी टीम के साथ रहे। वहीं परिषद के भूपेन्द्र लोहिया, शाहीन कुरैशी, अमित यादव व अन्य लोग मौजूद रहे। नगर परिषद खुजनेर सीएमओं ने प्रत्येक जल स्त्रोत ओवरहेड टेंक एवं फिल्टर प्लांट की समय समय पर जांच करने की बात पर जोर देते हुए उसे क्रीयान्वित करने के निर्देश भी दिए।

### जिला स्तरीय आयोजन के बाद राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

## मेघवाल जांगड़ा समाज ने रैली निकाल दिखाई एकजुटता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

समाजिक उत्थान, एकजुटता और समाज पर हो रहे विभिन्न अन्याय एवं अत्याचारों के विरोध में मेघवाल, जांगड़ा समाज द्वारा मुख्यालय पर जिला स्तरीय शांतिपूर्ण प्रदर्शन, रैली एवं ज्ञापन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। मंगल भवन में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में जिले भर के समाजजन एकत्रित हुए। इस कार्यक्रम में समाज के पदाधिकारियों ने बिखर रहे समाज को एकसूत्र में पिरोने को लेकर अपने-अपने विचार व्यक्त किए। सभी ने एकस्वर में कहा कि जब तक हम कुरीतियों को नहीं त्यागेंगे और शिक्षा को बढ़ावा नहीं देंगे तब तक समाज प्रगति नहीं कर पाएगा। हमें उस समाज का निर्माण करना है जिसकी परिकल्पना बाबा साहब भीमराम अंबेडकर करके गए थे।



#### निकाली रैली, सौंपा ज्ञापन

मंगल भवन में आयोजित कार्यक्रम उपरान्त सैकड़ों की संख्या में उपस्थित समाजजनों ने एक रैली का आयोजन किया। यह रैली बाईपास होते हुए कलेक्टोरेट पहुंचकर समाप्त हुई। यहां सभी ने राज्यपाल के नाम 25 सूत्रीय विभिन्न मांगों का ज्ञापन अधिकारियों को सौंपा। संघटन कोर कमेटी जिलाध्यक्ष अशोक वर्मा ने बताया कि ज्ञापन के माध्यम से राजगढ़ जिले सहित प्रदेश के अन्य जिलों में निवासरत समाजजनों के साथ हुए विभिन्न अपराधों, अन्याय के मामलों की सूक्ष्मता से जांच एवं त्वरित कार्यवाही के साथ ही अन्य मांगे रखी गईं। उन्होंने बताया कि यदि उनकी मांगों एवं समस्याओं पर शासन, प्रशासन एक माह में निराकरण नहीं करता है तो समाज को आंदोलन करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

## खुजनेर में चंदन चोरों का आतंक किसान के खेत से चंदन पेड़ चोरी



**खुजनेर।** जहां एक ओर कड़ाके की ठंड, बिजली की समस्या और आर्थिक परेशानियों से किसान जूझ रहे हैं। वहीं अब चंदन चोरों का गिरोहों किसानों के लिए मुसीबत बनता जा रहा है। ताजा मामला खुजनेर क्षेत्र के बखेड रोड स्थित एक खेत का है, जहां अज्ञात चोरों ने चंदन की चोरी की वारदात को अंजाम दिया। जानकारी के अनुसार बखेड़ रोड पर स्थित किसान राधेश्याम के खेत से 10 जनवरी की बीती रात अज्ञात चोर चंदन का पेड़ काटकर चोरी कर ले गए। जब किसान राधेश्याम 11 जनवरी की सुबह अपने खेत पर पहुंचे तो वहां चंदन गायब देख वे अचंभित रह गए। किसान ने बताया कि रात के अंधेरे में चोर चंदन काटकर ले गए, जिसकी जानकारी उन्हें सुबह खेत पहुंचने पर लगी किसान राधेश्याम ने बताया कि इससे पहले भी खुजनेर क्षेत्र में कई किसानों के खेतों से चंदन चोरी की घटनाएं सामने आ चुकी हैं, लेकिन अब तक चोरों पर प्रभावी कार्रवाई नहीं हो पाई है।

## सांदीपनि उत्कृष्ट विद्यालय में सूर्य नमस्कार का आयोजन



**नरसिंहगढ़।** शासकीय सांदीपनी उत्कृष्ट माध्यमिक विद्यालय में सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन विधायक मोहन शर्मा के मुख्यआथित्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवम स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। विद्यालय प्राचार्य बृजादित्य सक्सेना ने 0 अतिथियों का स्वागत किया। सूर्य नमस्कार शासन द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार लाइव प्रसारण विद्यार्थियों एवं जनप्रतिनिधि को दिखाया गया।जीसमें स्वामी विवेकानंदजी का उद्बोधन एवम मुख्यमंत्री के संदेश वाचन दिखाया गया। इसके पश्चात विकास खण्ड के योग प्रशिक्षक अरूण शर्मा एवम राजेश शर्मा के मार्ग दर्शन में विद्यार्थियों एवं अतिथियों ने सूर्य नमस्कार एवम प्राणायाम किया गया।

इस अवसर पर विधायक द्वारा उपस्थित विद्यार्थियों को स्वामी विवेकानंद के जीवन से जुड़े प्रसंगों को बताते हुए उनके आदर्शो को अपनाने एव स्वास्थ्य के लिए लाभप्रद सूर्य नमस्कार को प्रतिदिन अपनाने को कहा। इस दौरान खेल प्रशिक्षक प्रभातकांत शुक्ला एवं जीतेन्द्र सोलंकी के मार्गदर्शन में जिला,संभाग, राज्य स्तर पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेकर सफलता प्राप्त की उन्हें अतिथियों द्वारा मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उत्साह वर्धन किया गया।

### 'राज्य सरकार को 15 दिन के भीतर रोजगार उपलब्ध कराना चाहिए'

**ब्यावरा।** ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राहुल दांगी द्वारा ग्राम भाटपुरा एवं ग्राम निवानीया में पंचायत भवन में पहुंचकर पंचायत के लोगों के साथ मिलकर पटवारी एवं पंचायत सचिव को मनरेगा को लेकर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग कि गई कि स्व. डॉ मनमोहन सिंह ने ग्रामीण क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को ध्यान में रखते हुए ग्रामीण किसान, मजदूर के लिए रोजगार आधारित महात्मा गांधी रोजगार गारंटी अधिनियम मनरेगा संबंधित कानून यूपीए सरकार ने बनाया था जो एक अधिकार आधारित कानून है वह प्रत्येक ग्रामीण परिवार को मजदूरी रोजगार की मांग करने का वैधानिक अधिकार देता है। कानून के अंतर्गत राज्य सरकार 15 दिनों के भीतर रोजगार उपलब्ध कराने के लिए बाध्य है अन्यथा सरकार को बेरोजगारी भत्ता देना पड़ेगा। यही वैधानिक गारंटी मनरेगा की मूल और परिभाषित विशेषता है। लेकिन वर्तमान सरकार द्वारा किया गया संशोधन इस पूरे ढांचे से ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार की मूल भावना को हटा देता है। ज्ञापन में मांग की गई कि सरकार द्वारा मनरेगा में किए गए संशोधनों पर पुनः विचार करने व मजदूरों के हित में मनरेगा योजना पूर्व अनुसार ही लागू करने संबंधी सलाह देने की कृपा करें।

**विधायक दांगी बोले- इस तरह के खेल आयोजन युवाओं को सकारात्मक दिशा देते हैं**

## जीरापुर प्रीमियर लीग सीजन-2 का समापन, बबलू इलेवन बनी चैंपियन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर






जीरापुर प्रीमियर लीग सीजन-2 का समापन खेल भावना के साथ संपन्न हुआ। टूर्नामेंट में विभिन्न टीमों ने भाग लिया। सेमीफाइनल मुकाबलों में पहले सेमीफाइनल में मेलुखेड़ा वर्सेज लगान के बीच मुकाबला हुआ, जिसमें लगान टीम ने फाइनल में प्रवेश किया। वहीं दूसरे सेमीफाइनल में बबलू इलेवन वर्सेज सरकार इलेवन के बीच मुकाबले में बबलू इलेवन ने जीत दर्ज कर फाइनल में पहुंची।

फाइनल मुकाबला लगान वर्सेज बबलू इलेवन के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए बबलू इलेवन ने शाहरुख शाह के शानदार 99 रनों की बदौलत निर्धारित ओवरों में 142 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करते हुए लगान टीम ने कड़ी टक्कर दी, लेकिन 8 ओवर में 131 रन ही बना सकी। इस प्रकार बबलू इलेवन ने 11 रनों से जीत दर्ज कर सीजन 2 का खिताब अपने नाम किया। आयोजक अश्विन पंडित, भगवान सिंह मालवीय ने अतिथियों का स्वागत किया। समापन समारोह में क्षेत्रीय विधायक हजारीलाल दांगी, हनुमान पाटीदार, राम दांगी, पवन कुशवाह, पार्षद शिव मंडलोई, मुकेश पुष्पद ने पुरस्कार वितरण किया। इस अवसर पर विधायक हजारीलाल दांगी ने कहा कि इस तरह के खेल आयोजन युवाओं को सकारात्मक दिशा देते हैं। खेल न केवल शारीरिक विकास करता है, बल्कि अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व की भावना विकसित करता है। जीरापुर प्रीमियर लीग जैसे आयोजन क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करते हैं। संचालन खेल शिक्षक अरविंद बंसल ने किया। टूर्नामेंट में गोलू सक्सेना, शकील खान, अकील खान, अश्विन पंडित, सत्यार्थ शर्मा, कृष्णवल्लभ लाला पाटीदार, भगवान सिंह, अफियास खान, पुनीत भावसार, सुजान गुर्जर, लक्ष्मण बना, बाबू मालवीय, महेंद्र ठाकुर, दिलशाद अली, देवा गुर्जर, परवेज खान सहित दर्शक उपस्थित रहे।